पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

**राज्यपाल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में चल रही परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

——————

**कुलाधिपति ने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने का अधिकारियों को दिया निर्देश**

**— राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

——————

लखनऊः 02 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर की विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की।

समीक्षा बैठक में राज्यपाल जी को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में तालाब के निर्माण एवं उसके सौंदर्यीकरण हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को शासकीय कार्यदायी संस्था के रूप में चयनित किया गया है। इसके साथ ही छात्रावास के कमरों में आलमारी बनवाए जाने के प्रस्ताव पर शासकीय कार्यदायी संस्था से कार्य निष्पादन की स्वीकृति दिए जाने तथा ईडीपी बेसमेंट के जीर्णोद्धार हेतु शासकीय कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस को चयनित किए जाने की भी जानकारी दी गई।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की दिशा में स्वतंत्र फीडर की स्थापना की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं एसटीपी निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा संचालित पेयजल व्यवस्था एवं सीवर लाइन बिछाए जाने की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने वॉटर ट्रैपिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञ द्वारा स्थलीय निरीक्षण शीघ्र सम्पन्न कराए जाने के निर्देश प्रदान

किये तथा नवीन परिसर में निर्माणाधीन भवनों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे, विशेष कार्याधिकारी श्री अशोक देसाई, जिलाधिकारी श्री निखिल टी0 फुंडे, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो0 संत शरण मिश्र, प्रो0 एसके रायजादा, समर्थ समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, यूपीपीसीएल व जलनिगम के अधिकारी एवं अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

————————

सम्पर्क सूत्र
डॉ0 संगीता चौधरी—सूचना अधिकारी
मो0—9161668080







